## एक नजर में

### पुलिस ने ढूंढा 4 वर्षीय लापता बालक

रतलाम। पुलिस ने ढूंढा 4 वर्षीय लापता बालक, परिजनों के किया सुपुर्द रतलाम। घर से लापता हुए बालक को माणक चौक थाना पुलिस की तत्परता से ढूंढ लिया गया। सोमवार को 4 वर्षीय बालक अमलतास कॉलोनी सुबह लापता हो गया था। जिसकी सूचना फरियादी बालक के पिता द्वारा थाना माणकचौक पर दी गई। सूचना मिलते ही थाना माणकचौक पुलिस द्वारा तत्काल बालक की तलाश प्रारंभ की गई। सघन खोजबीन के दौरान बालक को घास बाजार क्षेत्र से अकेले बैठा मिला। बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिनके द्वारा पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया गया। उप निरीक्षक प्रवीण वास्कले, सहायक उप निरीक्षक शिवनाथ सिंह राठौर, आरक्षक अशरफ, थाना माणकचौक की सराहनीय भूमिकारही।

### अरिहंत महाविद्यालय के नितिन राठौड़ का हॉकी में प्रथम, राज्य स्तर पावर लिफ्टिंग में अंशुल मावी द्वितीय



रतलाम। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में आयोजित विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता में श्री अरिहंत महाविद्यालय प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम के छात्र नितिन राठौड़ ने उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नितिन के बेहतरीन खेल और रणनीतिक योगदान से टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता, भोपाल के लिए किया गया है, जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इसी क्रम में, अरिहंत महाविद्यालय के ही छात्र अंशुल मावी ने संभाग स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 350 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री अजय प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नितिन राठौड़ और अंशुल मावी की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय का नाम खेल जगत में और भी ऊँचा किया है। उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे खिलाड़ी अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक कल

रतलाम। सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 का संशोधन अधिनियम 2014-15 के तहत जिला स्तरीय सर्तकता एवं निगरानी समिति की बैठक 24 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### वैदिक गणित किताबों की प्रदर्शनी लगी



जावरा। भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया। गणित विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता तथा प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के छायाचित्रों और वैदिक गणित की किताबों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर आयोजित ऑनलाइन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के प्राध्यापक डॉ रमाकांत भारद्वाज ने गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. एजी. पठान ने विद्यार्थियों को रामानुजन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ विद्या तिवारी ने दैनिक जीवन में गणित के महत्व को बताया। विभागाध्यक्ष डॉ भावना भट्ट ने भविष्य में गणित से जुड़ी असीम संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। निबंध प्रतियोगिता में आकांक्षा श्रीवास्तव ने प्रथम तथा गणित कौशल प्रतियोगिता में अश्विन जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावना गेहलोद, लखन राठौड, प्राची चोपड़ा, पीयूष शर्मा को भी पुरस्कृत किया गया। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अश्विनी चंद्रावत ने श्रीनिवास रामानुजन का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। डॉ मंजुला अलांसे, डॉ आभा सक्सेना, डॉ बीएस किराड़े व अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। तकनीकी सहयोग अहमद अली खान व आरती छोटाना ने दिया। आभार डॉ नीलू कौशिक ने माना।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का समापन

रतलाम. ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने इस साल के संस्करण का समापन एक ऐसी नई और क्रांतिकारी फैशन कहानी के साथ किया, जिसने पारंपरिक फैशन शिल्प की सीमाओं को तोड़ दिया. प्रतिष्ठित हावड़ा ब्रिज की भव्य पृष्ठभूमि में, और हुगली नदी को एक शानदार रनवे में बदलते हुए, फिनाले एडिशन में डिज़ाइनर अनामिका खन्ना (एके 7 ओके) का प्रयोगधर्मी कलेक्शन प्रस्तुत किया गया. शोस्टॉपर के रूप में करिश्माई ईशान खट्टर की मौजूदगी ने इस प्रस्तुति को और खास बना दिया. यह शो हुगली नदी के बीच लंगर डाले एक बार्ज पर प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे माहौल को फैशन के एक तैरते हुए थिएटर में बदल दिया. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबस्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से फैशन और सांस्कृतिक संवाद को नई दिशा देने में अग्रणी रहा है. इस संस्करण के अंतिम अध्याय के रूप में कोलकाता ने वही सार पेश किया, जो फैशन को सचमुच परिवर्तनकारी बनाता है. फ्यूचर इज क्राफ्टेड सिर्फ एक शोकेस नहीं था, बल्कि यह इस बात का सशक्त बयान था कि विरासत और नवाचार कैसे मिलकर कुछ असाधारण रचते हैं.

# खाद, बिजली समस्या से परेशान हजारों किसान कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए



**हटवाया सीएम का पुतला**

प्रदर्शन के पूर्व निकाली गई रैली में ट्रैक्टर पर बनाई गई एक झांकी भी शामिल थी। इसमें फांसी के फंदे पर लटके किसान व पास लगाए गए मुख्यमंत्री के पुतले को देखकर पुलिस प्रशासन ने रैली के पूर्व ही हटवा दिया।

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** खाद और बिजली सहित अन्य समस्या को लेकर आयोजित कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसान शामिल हुए। रैली के रूप में सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे

**राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा, जमीन पर बैठ दिया धरना**



और धरना देकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के नेतृत्व में सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर नगर में विरोध प्रदर्शन हुआ। दिलीप मार्ग खांकी हनुमान मंदिर से निकली रैली मुख्य मार्ग से होती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची। किसानों की भीड़ से एसडीएम परिसर छोटा पड़ता नजर आया।

यहां श्री गेहलोत ने प्रशासन से किसानों की समस्या को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए खाद, बिजली समस्या का त्वरित समाधान करने का कहा। श्री गेहलोत ने कहा कि आज का प्रदर्शन महज सचेत करने के लिए है। समस्या का निदान नहीं होने पर कांग्रेस जिले में और भी बड़े प्रदर्शन करेंगी। धरने को डीपी धाकड़, वीरेंद्र सोलंकी, युसूफ कड़पा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। धरने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने राज्यपाल के नाम एसडीएम तरुण जैन को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन के दौरान सैलाना ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश डिंडोर, रावटी ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र गरवाल, सरवन ब्लाक अध्यक्ष छगन भगोरा, बाजना ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश डामर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, पूर्व कृषिमंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, श्री राम चौधरी, युवा कांग्रेस नेता हनी गेहलोत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद मंगलेश कसेरा सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारी -कार्यकर्ता व किसान उपस्थित थे।



## सुशासन सप्ताह: वरिष्ठजनों के सर्वे के लिए गठित दलों की कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई पहल का पहला चरण सोमवार से शुरू हुआ। पहल की सफलता को लेकर कलेक्टर,

**सर्वे का सोमवार से शुरू हुआ पहला चरण**

एसपी ने दल की बैठक भी ली।

गठित दल के सदस्यों की सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह एवं एसपी अमित कुमार ने बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई पहल का पहला चरण 22 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा हैं। माता, पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति के संरक्षण के लिए वरिष्ठजनों के सर्वे के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार दल गठित किये गये है।

बैठक में कहा कि गठित दलों द्वारा मौके पर पहुंच कर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। दल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर संपर्क कर घरेलू सहायकों की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है एवं आपातकालीन स्थिति में संपर्क के लिए वरिष्ठ नागरिक और उनके रिश्तेदारों का डेटा संग्रहित किया जा रहा है।

साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और समग्र सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 14567 एवं जिला कॉल सेंटर के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

## विहिप, बजरंग दल तोड़े गए मंदिरों को पुन: बनवाएगा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गढ़ कैलाश प्रखंड में सोमवार को शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शौर्य संचलन निकला। प्रखंड के अनेक मार्गों से होते हुआ संचलन जागेश्वर महादेव मंदिर अमृत सागर पर पहुंचा। यहां मुख्य आयोजन हुआ। इसमें मंच पर विराजमान संत आत्मानंदजी सरस्वती, विभाग मंत्री सौरभ चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावल, प्रखंड सह पालक रिक्की सेन, प्रखंड मंत्री शुभम शर्मा, गढ़ कैलाश प्रखंड अध्यक्ष राहुल पाटीदार, संयोजक बलराम देशमुख मौजूद थे। आयोजन के वक्ता व विभाग मंत्री श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जो मंदिर विधर्मियो द्वारा तोड़े गए है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पुन: उन मंदिरों को बनवाएगा। प्रखंड उपाध्यक्ष नानू पांचाल, उपाध्यक्ष गोपी सोनी, सह मंत्री हर्षित उपाध्याय, सह मंत्री मनीष राठौड़, विद्यार्थी प्रमुख क्रिश पोरवाल, सेवा प्रमुख सुरेन्द्र हाड़ा, गो रक्षा प्रमुख कारण यादव, प्रचार प्रसार प्रमुख महेश प्रजापत, सह विद्यार्थी प्रमुख रोहन बंजारा, रोहित पवार, गौरव पाटीदार, रवि प्रजापत, राजेश शर्मा, जयेश चौहान आदि मोजूद रहे। संचालक प्रखंड सह मंत्री मनीष गहलोत व आभार रिक्की सेन ने माना।

## विश्व ध्यान दिवस पर सर्किल जेल में ध्यान सत्र



**रतलाम।** विश्व ध्यान दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा सर्किल जेल में विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग से प्रशिक्षक अशोक साल्वी, डॉ. लोकेन्द्र सिंह कोट ने ध्यान करने और उसके प्रभावों को बताते हुए ध्यान करवाया। एक घंटे के आयोजित इस सत्र में जेल के 40 बंदियों ने हिस्सा लिया।

## नरेन्द्रसिंह महाविद्यालय में अवदान विषय पर सेमिनार संपन्न

**जावरा।** उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा गतिविधि के अन्तर्गत शहीद नरेन्द्र सिंह शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। "गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा का अवदान" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ जयश्री सक्सेना ने अपने विचार साझा किये। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार शर्मा ने कहा कि गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा का योगदान अत्यधिक है। संजय कुमार त्रिपाठी, मधु शर्मा ने वैदिक गणित का वैशिष्ट्य विषय पर व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा "वैदिक गणित का वैशिष्ट्य विषय" पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई।

## प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को डीआरएम, महापौर ने किया पुरस्कृत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित खेल चेतना मेला के तीसरे दिन शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के खेल

**खेल चेतना मेला में कॉलेज ग्राउंड पर हुआ पुरस्कार वितरण समारोह**

मैदान पर विभिन्न स्पर्धाओं के पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि मंडल रेल प्रबंधक अश्विन कुमार एवं महापौर प्रहलाद पटेल रहे। जिन्होने मंच के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता



खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही जो खिलाड़ी मुकाबले नहीं जीत सके उन्हें निराश न होकर और अधिक मेहनत करने और अपनी कमजोरी से सीखने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार वितरण से पूर्व आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर पुरस्कार वितरित किए। मैदान पर अतिथियों के हाथों पुरस्कृत होने वाले बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अतिथियों ने यहां आयोजित खेल स्पर्धाओं को देखने के साथ टीम इवेंट के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा शुरू कराई। खेल मेला के तीसरे दिन अन्य मैदानों पर भी खेल स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मैदान पर क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विनोद करमचंदानी, खेल संयोजक अमरिक राणा, देवेंद्र वाधवा, प्रकाश व्यास, हरीश चांदवानी, समिति सचिव मुकेश जैन, निर्मल लूनिया, चंद्रकांत मांडोत, डॉ. नरेंद्र मेहता, वीरेंद्र गांधी, प्रद्युम्न मजावदिया, रितेश वोहरा आदि उपस्थित रहे।



## विद्यार्थियों ने देखा प्राणी संग्रहालय

**आलोट।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय निपानिया राजगुरु द्वारा विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजन किया। विद्यार्थियों ने कृष्ण-सुदामा मित्रता स्थल नारायणा धाम एवं इंदौर स्थित कमला नेहरू 'चिड़ियाघर' का भ्रमण किया। यहां विभिन्न प्रकार के पक्षी विहार, वन्य प्राणी संग्रहालय और सर्प पार्क का अवलोकन किया। दल उज्जैन भी पहुंचा, जहाँ विद्यार्थियों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए और नवनिर्मित 'महाकाल लोक' की भव्यता को देखा। वहाँ स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं और आकर्षक लेजर लाइट शो का आनंद लिया। यात्रा प्रबंधन प्रधानाध्यापक शंभूलाल राठौर, शिक्षिका पूजा भालसे, देवचंद केलवा, सरमेन्द्रसिंह, सुरेश जाटव, सुरेश काशरोटिया, शुभम सांखला, जया चौधरी और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश सिंह निपानिया खेड़ी का सहयोग रहा।

## उमेश शर्मा का बाबा रामदेव ने किया सम्मान, जावरा आने का दिया निमंत्रण



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में योग ऋषि स्वामी रामदेवजी महाराज के सानिध्य में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक 4 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें जावरा के योग प्रशिक्षक उमेश शर्मा भी शामिल हुए। स्वामी रामदेवजी महाराज ने उमेश शर्मा का योग और सोशल मीडिया पर किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। पतंजलि युवा भारत संगठन के राज्य प्रभारी प्रेम चौधरी रतलाम ने बताया हरिद्वार में आयोजित विशेष योग प्रशिक्षण शिविर में रतलाम जिला पदाधिकारियों के साथ उमेश शर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। 4 दिनों तक एडवांस योग ट्रेनिंग, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, यज्ञ विधान और भारतीय शिक्षा बोर्ड की गतिविधियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उमेश शर्मा को योग और पतंजलि योग संगठन सोशल मीडिया सेवा कार्यों के लिए स्वामी रामदेव ने सम्मानित किया। उमेश शर्मा ने बताया उन्होंने स्वामी रामदेवजी महाराज को जावरा आगमन के लिए निमंत्रण दिया। श्री शर्मा के साथ रतलाम जिला टीम के डॉ उत्तम शर्मा, राकेश सोनी, कमलेश पाटीदार, डॉ हर्षित राठौड़, महेंद्र सोनी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए। श्री शर्मा के सम्मान पर योग समिति ने हर्ष जताया।

## स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

**जावरा।** स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल, जावरा में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन डॉ श्री सीएम चेजारा के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन को सफल बनाने में डायरेक्टर हंसराज चेजारा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि श्रीमती कोमल चेजारा के सहयोग से कायक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों की सामूहिक सभा से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसे स्पोर्ट्स टीचर रवि वर्मा ने तैयार करवाया। समारोह के दौरान रिबन कटिंग, मशाल प्रज्वलन, शपथ समारोह, सेंटर फ्लेक्स ड्रॉप-डाउन तथा बलून ड्रॉप-डाउन मुख्य आकर्षण रहे। मशाल प्रज्वलन ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और ऊर्जा का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका सिदरा खान एवं अध्यापक श्याम खरे ने किया। अंत में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. शेफाली आर. ओझा ने आभार व्यक्त किया।

## 15 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** ढोढर चौकी पुलिस ने 15 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ 2 लोगो को पकड़ा। चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि मुखबिर की सूचना अनुसारी रविवार रात दो व्यक्ति पल्सर गाड़ी पर जावरा तरफ एमडी ड्रग्स लेकर जाने वाले हैं जिस पर उन्होंने एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया और फोरलेन पर बरखेड़ी फंटा के यहां पर घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताई गई पल्सर गाड़ी को रोका और उस पर सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अफरोज खां पिता अहमद खां मेवाती उम्र 35 वर्ष निवासी मेवाती पुरा जावरा व निलेश सिंह पिता दूले सिंह दरोगा उम्र 30 साल निवासी रिछा पडुनी थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ बताया तलाशी लेने पर उनके पास से 150 ग्राम एम डी ड्रग्स मिली जिसे पुलिस ने जप्त कर आरोपियों के खिलाफ 8/22 एनडीपीसी एक्ट में प्रकरण दर्ज आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड प्राप्त किया पुलिस आरोपियों से उक्त ड्रग्स कहा से लाए थे इस बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस कि इस कार्यवाही में उप निरीक्षक रघुवीर जोशी, प्रधान आरक्षक राहुल उपाध्याय, आरक्षक जितेंद्र व्यास, आरक्षक मुकेश, आरक्षक नरेंद्र जगावत, आरक्षक कृष्णपालसिंह की सराहनीय भूमिका रही।



## शिविर में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को ध्यान, प्राणायाम-मानसिक एकाग्रता के गुर सिखाए

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा मॉडल स्कूल जावरा में तीन दिवसीय मेडिटेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया।

**मॉडल स्कूल में हार्टफुलनेस संस्था का तीन दिवसीय मेडिटेशन शिविर संपन्न**

शिविर में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को मेडिटेशन की विभिन्न विधियों के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्म-विकास के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञात रहे कि 21 दिसंबर को विश्व मेडिटेशन दिवस मनाया जाता है, इसी उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में भूपेश सोलंकी, राजेश शाह, सुबोध शर्मा एवं रमेशचंद्र सोनी द्वारा विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी तरीकों से ध्यान साधना का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित मेडिटेशन से तनाव में कमी आती है और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। विद्यालय की प्राचार्य निर्मला बैरागी ने भी विद्यार्थियों को ध्यान योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन के लिए इन्हें अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अलका पगारिया, मनुदेव सिंह चंद्रावत, मनोहर सिंह सिसोदिया, मनोज चतुर्वेदी, डूंगरसिंह खन्ना सहित विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। तीन दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।